# आज होंगे पंचायत उपचुनाव, प्रशासन ने कमर कसी

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 28 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा के निर्देशन में त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत आज मतदान दलों का सामग्री वितरण कर मतदान केन्द्रों के लिए रवाना

**जिला पंचायत सदस्य के एक एवं सरपंच के दो पदों पर होगा मतदान, सामग्री वितरण के साथ मतदान दल रवाना**

किया गया। पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के एक पद सहित सरपंच के दो पदों पर 29 दिसंबर को 72 मतदान केन्द्रों पर मतदान कराया जायेंगा। इसके लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई तथा मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के सभी प्रबंध सुनिश्चित किये गये है।

त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के तहत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा श्योपुर जिले के लिए नियुक्त किये गये निर्वाचन प्रेक्षक मदन सिंह ठाकुर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय जैन की उपस्थिति में आज शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज श्योपुर से मतदान दलों को निर्वाचन सामग्री एवं ईव्हीएम मशीनों का वितरण कर मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया।

पंचायत उप निर्वाचन के तहत जिले में जिला पंचायत सदस्य के पद हेतु वार्ड क्रमांक 01 मानपुर क्षेत्र सहित ग्राम पंचायत नागदा



एवं बैचाई में सरपंच पद हेतु 29 दिसंबर को प्रातः 07 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक 72 मतदान केन्द्रों पर मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जायेगी। जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 18 पंचायतो में 67 तथा नागदा में सरपंच पद हेतु तीन और बैचाई में सरपंच पद हेतु दो मतदान केन्द्र बनाये गये है। विजयपुर विकासखण्ड क्षेत्र के बैचाई पंचायत के सरपंच पद पर उप निर्वाचन हेतु मतदान दलों को आईटीआई विजयपुर से मतदान सामग्री का वितरण किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा द्वारा पंचायत उप निर्वाचन स्वतंत्र, निर्विघ्न एवं निर्भिक रूप से कराने के लिए 6 कार्यपालिक मजिस्ट्रेट 14 सेक्टर आफिसर नियुक्त किये गये है, इसके साथ ही सभी मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

**जिला पंचायत सदस्य के लिए 39 हजार 717 वोटर करेंगे मतदान**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय जैन ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य के लिए 18 पंचायतों में 67 मतदान केन्द्रों पर निर्वाचन होगा। 29 दिसंबर को संपन्न होने वाले मतदान में जिला पंचायत सदस्य के लिए कुल 39 हजार 717 वोटर्स अपना वोट डालेगे, इसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 20 हजार 480 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 19 हजार 237 है। इसी प्रकार नागदा पंचायत में सरपंच पद पर निर्वाचन के लिए तीन मतदान केन्द्र बनाये गये है, यहां कुल 1892 मतदाता अपना वोट डालेगे, पुरूष वोटर्स की संख्या 961 तथा महिला वोटर्स की संख्या 931 है। विजयपुर विकासखण्ड की बैचाई पंचायत में दो मतदान केन्द्रों पर सरपंच पद के लिए कुल 1022 मतदाताओं द्वारा मतदान किया जायेगा, जिसमें 567 पुरूष एवं 455 महिला मतदाता शामिल है। मतदान 29 दिसंबर को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। जिला पंचायत सदस्य एवं सरपंच पद के लिए मतो की गणना विकासखण्ड मुख्यालय पर 02 जनवरी 2026 को प्रात: 08 बजे से होगी। सरपंच पद के लिए निर्वाचन परिणाम की घोषणा 02 जनवरी को प्रात: 10 .30 की जायेगी। जिला पंचायत सदस्य पद के लिए निर्वाचन परिणाम की घोषणा 05 जनवरी 2026 को प्रात: 10 .30 बजे होगी।

# शासकीय सेवकों के लिए आनंद शिविर के पंजीयन प्रारम्भ

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 28 दिसम्बर।** मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग द्वारा शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से आनंद शिविरों का आयोजन किया जाता है, जिसके लिये निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क राज्य आनंद संस्थान द्वारा वहन किया जाता है। इच्छुक अधिकारी, कर्मचारी को अपने रिपोर्टिंग अधिकारी से लिखित अनुमति लेकर अपना पंजीयन संस्थान की वेबसाइट पद पर ऑनलाइन करा सकते है।

राज्य आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर राजा खान ने जानकारी देते हुए बताया कि आर्ट ऑफलिविंग बेंगलूरु में 05 जनवरी से 08 जनवरी 2026 को 4 दिवसीय आनंद शिविर का आयोजन होगा। जिसमें शासकीय कर्मचारी अपना पंजीयन करा सकते है, उक्त शिविर में सम्मिलित शासकीय सेवको के कार्य अवधि के रूप में मान्य किया जाता है, शासकीय सेवक अपने सेवा काल में केवल एक ही आनंद शिविर में भाग लेने की पात्रता होगी। अधिक जानकारी के लिए जिला पंचायत कार्यालय श्योपुर एवं आनंद विभाग के मास्टर ट्रेनर राजा खान से मोबाइल नंबर 9575275126 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# बकाया बिल जमा करने समाधान योजना 31 तक

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 28 दिसम्बर।** मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025- 26 के लागू होने से ऐसे अनेक उपभोक्ता हैं जो बकाया बिल जमा कर रहे हैं और एकमुश्त बकाया जमा राशि जमा करने पर अधिकतम छूट का लाभ ले रहे हैं।

कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने कंपनी के बकायादार उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे प्रथम चरण में ही एकमुश्त भुगतान कर इस योजना में शामिल होकर सरचार्ज में अधिकतम छूट का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना के प्रथम चरण में सरचार्ज में 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है।

समाधान योजना 2025-26 का उद्देश्य 3 माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट प्रदान करना है। यह योजना जल्दी आएं, एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाएं के सिद्धांत पर आधारित है। इस योजना में उपभोक्ता को प्रथम चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर सबसे अधिक लाभ होगा जबकि द्वितीय चरण के दौरान छूट का प्रतिशत क्रमशः कम होता जाएगा। यह योजना दो चरणों में प्रारंभ होकर प्रथम चरण की शुरुआत 3 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक रहेगी जिसमें 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफकिया जाएगा। इसी तरह द्वितीय और अंतिम चरण में जो कि एक जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक लागू रहेगी, इसमें 50 से 90 फीसदी तक सरचार्ज माफकिया जाएगा। प्रथम चरण में एकमुश्त राशि जमा कराने पर अधिकतम लाभ होगा। समाधान योजना 2025-26 का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल हेतु चवतजंस.उचब्र.पद पर पंजीयन कराना होगा। कंपनी के उपाय ऐप पर भी पंजीयन की सुविधा शीघ्र ही मिलने लगेगी। पंजीयन के दौरान अलग-अलग उपभोक्ता श्रेणी के लिए पंजीयन राशि निर्धारित की गई है। घरेलू एवं कृषि उपभोक्ता कुल बकाया राशि का 10 प्रतिशत तथा गैर घरेलू और औद्योगिक उपभोक्ता कुल बकाया राशि का 25 प्रतिशत भुगतान कर पंजीयन कराकर योजना में शामिल होकर लाभ उठा सकते हैं। विस्तृत विवरण तीनों कंपनियों की वेबसाइटों पर भी देखा जा सकता है साथ ही विद्युत वितरण केंद्र में पहुंचकर भी योजना के संबंध में जानकारी ले सकते हैं।

# आत्मविश्वास, मेहनत और लगन ही सफलता की सीढ़ी : प्रभात कुमार

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 28 दिसम्बर।** आत्मविश्वास मेहनत और लगन ही सफलता की सीढ़ी है जब हम सच्चे मन से कोई काम करते हैं तो उसमें निश्चित ही सफलता मिलती है हमारी मेहनत बेकार नहीं जाती हमें मन

**रायपुरा में ज्ञान संवर्धन कार्यक्रम आयोजित**



लगाकर पढ़ाई करना है। छोटी-छोटी चीजों से ही ज्ञान का संवर्धन होता है और असली ज्ञान ही जीवन में काम आता है। सफल व्यक्ति बनने के लिए शिक्षा ही एकमात्र साधन है यह बात मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहें जिला जेल के अधीक्षक प्रभात कुमार ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाई स्कूल रायपुरा में अजलान सेवा समिति द्वारा आयोजित छात्र ज्ञान संवर्धन कार्यक्रम में कहीं।

उन्होंने यह भी कहा कि छात्र जीवन में हमें समय का सदुपयोग करते हुए हमारे शिक्षकों की बातों को मानकर उन पर चलने की आवश्यकता है हम केवल रास्ता बता सकते हैं चलना आप ही को पड़ेगा उन्होंने एटलस के माध्यम से छात्रों का ज्ञान संवर्धन किया और साथ ही त्रिभाषा हिंदी, संस्कृत, इंग्लिश के विकास और ज्ञान के आधारभूत सिद्धान्त पर उदाहरणों के साथ मेहनत और अभ्यास करने के गुर बताए।

कार्यक्रम जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था अजलान सेवा समिति के सहयोग से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाई स्कूल रायपुरा में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य ओमप्रकाश भाटिया ने जेल अधीक्षक प्रभात कुमार एवं अजलान सेवा समिति के अध्यक्ष राजा खान का आभार प्रकट किया और कहा कि जो नैतिक बातें आज इस कार्यक्रम में बताई गई है उन्हें जीवन में उतरने की आवश्यकता है यदि हम सही समझ के साथ उन पर आज से ही काम करेंगे तो यह बातें हमारे जीवन भर काम आने वाली है उक्त कार्यक्रम में जेल अधीक्षक प्रभात कुमार, प्राचार्य ओम प्रकाश भाटिया, अजलान सेवा समिति के अध्यक्ष राजा खान, पन्नालाल नागर, सत्य प्रकाश बेरवा, रोशन लाल गर्ग के साथ एसआर इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक नरेश धाकड़ उपस्थित रहे।


## जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता 29 से

**श्योपुर, 28 दिसंबर।** वर्ल्ड स्किल प्रतियोगिता-2026 एवं इंडिया स्किल प्रतियोगिता-2025 अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य कौशल प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत प्रथम चरण में जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता 29 एवं 30 दिसंबर को शासकीय आईटीआई कॉलेज श्योपुर में आयोजित की जा रही है। प्राचार्य आईटीआई श्योपुर सोनु पाटीदार ने बताया कि दो दिवसीय प्रतियोगिता दो पालियों में प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक एवं दोपहर 02 बजे से सांय 04 बजे तक आयोजित होगी। इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रतियोगिता में भाग ले सकते है, अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9981939361 पर संपर्क किया जा सकता है।

## एक नजर में

### वैभव गुप्ता बने मानवता की मिसाल, 15वीं बार किया रक्तदान

**इंदरगढ़, 28 दिसम्बर।** सिविल लाइन थाना प्रभारी वैभव गुप्ता ने एक बार फिर



समाज के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया।उन्होंने 15वीं बार रक्तदान कर न केवल एक गंभीर बीमारी से जूझ रहे युवक की जान बचाने में अहम भूमिका निभाईए बल्कि आमजन के लिए भी प्रेरणा का संदेश दिया।जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल दतिया में एक युवक गंभीर बीमारी के चलते भर्ती थाए जिसे तत्काल रक्त की आवश्यकता थी।अस्पताल प्रशासन द्वारा जैसे ही इसकी सूचना सिविल लाइन थाना प्रभारी वैभव गुप्ता को दी गई। उन्होंने बिना किसी देरी के तुरंत जिला अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। समय पर उपलब्ध कराए गए रक्त से युवक के उपचार में सहायता मिली और उसकी स्थिति में सुधार आने की उम्मीद जताई गई। रक्तदान के दौरान उपस्थित चिकित्सकों एवं अस्पताल स्टाफ ने टीआई वैभव गुप्ता की इस संवेदनशील पहल की सराहना की।

### रतनगढ़ धाम में सेवड़ा विधायक ने किए दर्शन

**इंदरगढ़।** विधायक प्रदीप अग्रवाल ने श्रद्धा एवं आस्था के प्रसिद्ध केंद्र रतनगढ़





धाम पहुंचकर माता रानी एवं कुंअर महाराज के दर्शन किए विधायक अग्रवाल ने विधिवत पूजा .अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख .समृद्धि शांति एवं विकास की कामना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया रतनगढ़ धाम पहुंचने पर श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों ने विधायक का आत्मीय स्वागत किया मंदिर परिसर में आध्यात्मिक वातावरण के बीच उन्होंने माता रानी के चरणों में माथा टेककर प्रदेश व क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की।



### आज रक्षा करें, कल को सुरक्षित करें थीम पर जागरूकता शिविर आयोजित

**श्योपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं माननीय म .प्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार व माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष कपिल मेहता के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्योपुर शा हजारेश्वर विद्यालय, श्योपुर में आज रक्षा करें, कल को सुरक्षित करें थीम पर पैन-इंडिया पर्यावरण विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।उक्त साक्षरता शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को शीत ऋतु के दौरान पर्यावरण प्रदूषण, विशेष रूप से वायु गुणवत्ता में निरंतर हो रही गिरावट के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदाय की गई, साथ ही माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली की पहल पैन-इंडिया पर्यावरण विधिक साक्षरता एवं सामुदायिक संरक्षण पर आधारित थीम आज रक्षा करें, कल को सुरक्षित करें से अवगत कराया।इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी योगेश बंसल द्वारा नालसा, सालसा एवं जिला प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं से अवगत कराया एवं नालसा, नशा उन्मुलन एवं जागरूकता आदि के बारे में जानकारी प्रदान की। नालसा हेल्पलाईन नम्बर 15100 एवं नालसा एप के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी प्रदाय की।साथ ही बच्चों द्वारा पूछे गये सवालों का संतोषप्रद जबाव दिया गया। इस अवसर पर विद्यालयीन प्राचार्य पीएस गोयल, विद्यालयीन शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

# मतदान दलों का रेण्डमाईजेशन आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 28 दिसम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा एवं निर्वाचन प्रेक्षक मदन सिंह ठाकुर की उपस्थिति में त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत मतदान दलों के रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया संपन्न की गई। एनआईसी कक्ष श्योपुर में आयोजित रेण्डमाईजेशन के दौरान सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन संजय जैन, इलेक्शन सुपरवाईजर इमरान खान, एनआईसी से अनिल श्रीवास्तव उपस्थित थे।




रेण्डमाईजेशन के माध्यम से जिला पंचायत सदस्य के पद हेतु वार्ड क्रमांक 01 सहित ग्राम पंचायत नागदा एवं बैचाई में सरपंच पद हेतु हो रहे निर्वाचन अंतर्गत मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए मतदान दलों का मतदान केन्द्रो के लिए आवंटन किया गया। मतदान के लिए रिर्जव सहित 80 मतदान दल गठित किये गये है, जिसमें से रिर्जव सहित 77 मतदान दलो को श्योपुर विकासखण्ड में जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचन तथा नागदा में सरपंच पद हेतु बनाये गये मतदान केन्द्रों के लिए तथा रिजर्व सहित तीन मतदान दलों का विजयपुर विकासखण्ड अंतर्गत बैचाई में सरपंच पद हेतु बनाये गये मतदान केन्द्रो के लिए आवंटन किया गया है। उप निर्वाचन अंतर्गत कुल 72 मतदान केन्द्र बनाये गये है, जिनमें जिला पंचायत सदस्य के लिए 18 पंचायतो में 67 तथा नागदा में सरपंच पद हेतु तीन और बैचाई में सरपंच पद हेतु दो मतदान केन्द्र शामिल है। त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन अंतर्गत 29 दिसंबर को 72 मतदान केन्द्रों पर प्रात: 07 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक मतदान होगा।

# वीर बाल दिवस पर साहिबजादों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 28 दिसम्बर।** इंदरगढ़ भारतीय जनता पार्टी मंडल इंदरगढ़ जिला दतिया द्वारा वीर बाल दिवस के अवसर पर धर्म

**इंदरगढ़ में भाजपा मंडल द्वारा हुआ प्रेरणादायी आयोजन**



संस्कृति और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई यह गरिमामय कार्यक्रम इंदरगढ़ में गोल्डी बंसल के निवास पर श्रद्धा सम्मान और देशभक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि मात्र 7 और 9 वर्ष की अल्पायु में साहिबजादों ने जिस अद्भुत साहस दृढ़ निश्चय और अटूट आस्था के साथ अत्याचारों का सामना किया वह मानव इतिहास में अद्वितीय और प्रेरणास्त्रोत है।

वीर बाल दिवस का उद्देश्य भी बच्चों और युवाओं में ऐसे ही आदर्शों का संचार करना इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सेवड़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष राजेश दांतरे कार्यक्रम प्रभारी रामअनुग्रह गुर्जर भास्कर गुप्ता रामबाबू शर्मा मंडल उपाध्यक्ष दीपक तिवारी पवन पाठक मंडल महामंत्री चरणदास कैलारे राकेश खटीक गोल्डी बंसल रामहजूर मुदगल सहित भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान साहिबजादों के बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए सभी ने एक स्वर में कहा कि उनका जीवन और शहादत भारत की सांस्कृतिक विरासत का अमूल्य हिस्सा है जिसे सदैव स्मरण रखा जाएगा अंत में उपस्थित सभी लोगों ने साहिबजादों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# एमपी ई-सेवा पोर्टल एवं मोबाइल एप नागरिक सेवाओं के लिए एकीकृत डिजिटल मंच

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 28 दिसम्बर।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा नागरिकों को सरल, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु एमपी ई-सेवा पोर्टल एवं मोबाइल एप की सुविधा प्रदान की गई है। यह शासन की एक महत्वपूर्ण डिजिटल पहल है, जिसके माध्यम से विभिन्न विभागों की समस्त नागरिक-केंद्रित सेवाएं अब एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं।

ई-सेवा पोर्टल के माध्यम से नागरिक घर बैठे ही विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। इसमें सुविधा सेवाएं, प्रमाणपत्र, लाइसेंस एवं कर, राजस्व, कृषि एवं ग्रामीण विकास, पेंशन एवं लाभ, सामाजिक कल्याण एवं सशक्तिकरण, शिक्षा, शहरीकरण, आवास एवं पर्यावरण, ऊर्जा, परिवहन, व्यवसाय, निवेश, स्वास्थ्य, न्याय एवं शिकायत, पर्यटन, युवा एवं खेल, रोजगार, उद्यमिता एवं कौशल से संबंधित सेवाएं सम्मिलित हैं। पोर्टल की प्रमुख सुविधाओं में शासकीय योजनाओं की पात्रता जांच, ऑनलाइन आवेदन, रीयल-टाइम आवेदन ट्रैकिंग, डिजिटल प्रमाणपत्र डाउनलोड, समग्र इंटीग्रेशन, समग्र प्रोफाइल के आधार पर पूर्व-भरा हुआ आवेदन फॉर्म, सिंगल साइन-ऑन (एसएसओ) तथा इंटीग्रेटेड पेमेंट गेटवे शामिल हैं। इसके अतिरिक्त महत्वपूर्ण हेल्पलाइन सुविधा भी उपलब्ध है। एमपी ई-सेवा पोर्टल पद पर तथा एंड्रॉइड एवं आईओएस मोबाइल एप के रूप में उपलब्ध है। नागरिकों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में इस डिजिटल सुविधा का उपयोग कर शासकीय सेवाओं का लाभ उठाएं।

# दस हजार का इनामी, 2 वर्ष से फरार शातिर बदमाश गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 28 दिसम्बर।** इन्दरगढ़ एसडीओपी सेवढ़ा श्री अजय चानना के मार्गदर्शन मेंए थाना प्रभारी थरेट एवं पुलिस टीम द्वारा

**आरोपी से 315 बोर का कट्टा एवं 10 जीवित राउंड बरामद**



फरार आरोपी सागर पुत्र सुरेंद्र यादवए उम्र 27 वर्ष निवासी बसई जीव को गिरफ्तार किया गया।पुलिस की कार्यवाही की शाम लगभग 05रू30 बजे थाना थरेट पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि विगत दो वर्षों से दतिया जिले के विभिन्न अपराधों में फरार आरोपी सागर यादव निवासी बसई जीवए नागिल का डेराए वैरछा में शराब पी रहा है।सूचना पर थाना प्रभारी थरेट पुलिस बल सहित बताए गए स्थान पर पहुंचे। पुलिस को देखकर आरोपी हाथ में कट्टा लेकर भागने लगा। घेराबंदी कर पकड़ने का प्रयास किया गया तो आरोपी ने पुलिस पर हमला कर धक्का.मुक्की की तथा कट्टा लोड कर फायर करने का प्रयास किया।पुलिस बल द्वारा साहस एवं सूझबूझ से आरोपी को जमीन पर दबोच कर पकड़ा गया। तलाशी लेने परकृ कट्टे में 1 जीवित राउंड आरोपी की जैकेट से 9 जीवित राउंड और 315 बोर का कट्टा बरामद किया गया आरोपी के विरुद्ध पुलिस पर हमला शासकीय कार्य में बाधा एवं अवैध हथियार रखने के संबंध में अपराध पंजीबद्ध किया इसके अलावा आरोपी के विरुद्ध है और जिलाबदर की कार्यवाही भी की जा रही है।

थाना थरेट पुलिस द्वारा अदम्य साहस और त्वरित कार्रवाई से एक गंभीर घटना घटित होने से रोका गया। आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड . आरोपी सागर यादव के विरुद्ध पूर्व से लगभग 15 अपराध पंजीबद्ध हैंए जिनमें.नाबालिग बालिकाओं से बलात्कार के 3 अपराध हत्या का प्रयासए अनुसूचित जाति पर अत्याचार के 3 अपराधए बलवा अवैध हथियार लोक सेवक पर हमला अवैध शराब प्रकरण आदि गंभीर अपराध शामिल हैं। आरोपी की गिरफ्तारी में निम्न अधिण् एवं कर्मण् की महत्वपूर्ण भूमिका रही कृ उण्निण् अरविंद सिंह भदौरिया, थाना प्रभारी थरेट, उण्निण् नरेन्द्र सिंह राजपूत दृ थाना प्रभारी अटरैटा, प्रआर 141 बलराम दुबे, आर 812 अंकित भदौरिया, आर 735 राहुल यादव।